साप्ताहिक
# बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना
प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**
E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**






वर्ष : 6 । अंक : 36 गोंदिया : गुरुवार, दि. 16 अप्रेल से 22 अप्रेल 2026 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


### मोटरसाइकिल चोरी

**गोंदिया**-आमगांव थाने के तहत सुपलीपार निवासी फिर्यादी परमेश्वर हिरामन थेर (36) ने अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 एएफ 4226 घर के आगे रख कर आराम कर रहा था. इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसे चुरा लिया. जिसकी कीमत 30 हजार रु. बताई गई है.

## वंचितों का शिक्षा के प्रवाह में आना जरूरी मांग-गारोडी

## समाज के 25 लाभार्थियों ने घरकुल में किया सामूहिक गृहप्रवेश

**गोंदिया**-समाज के आखिरी तबके के लड़के-लड़कियों का शिक्षा के प्रवाह में आना जरूरी है. ऐसा प्रतिपादन जिप सीईओ मुरुगानंथम ने अन्नाभाऊ साठेनगर, कुड़वा में आयोजित कार्यक्रम में किया. कुडवा इलाके में पिछले कई सालों से मांग-गारोडी समाज के करीब 40 परिवार रह रहे हैं और यह समाज मुख्य प्रवाह और शिक्षा से वंचित रहा है. सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 8 से 14 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सामाजिक समता सप्ताह मनाया गया है. इस मौके पर अन्नाभाऊ साठे नगर की मांग-गारोडी बस्ती में 25 घरकुलों का सामूहिक गृहप्रवेश समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें मुरुगानंथम ने अध्यक्षता करते हुए उनसे शिक्षा के प्रवाह में आने की अपील की. इस अवसर पर समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर, ग्राम पंचायत कुड़वा के सरपंच बालकृष्ण पटले, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सविता बेदरकर, पूर्व सरपंच श्यामदेवी ठाकरे, पूर्व ग्राम विकास अधिकारी कृष्णकुमार नागपुरे और बस्ती के प्रतिष्ठित नागरिक विजय पात्रे उपस्थित थे. संविधान% सबके लिए एक जैसा मुरुगानंथम ने कहा कि एक भारतीय नागरिक के तौर पर, संविधान सबके लिए एक जैसा है. समाज कल्याण विभाग मांग-गारोड़ी समुदाय की बेहतरी के लिए बहुत कोशिश कर रहा है. अभी



तक इस समुदाय के लोग टेंट में रह रहे थे. इस समुदाय की बस्ती में मुलभूत सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज/पहचान पत्र नहीं थे.लेकिन समाज कल्याण विभाग ने इस समुदाय की बेहतरी के लिए बहुत कोशिश की है और रमाई आवास (ग्रामीण) योजना के तहत 25 घरकुल मंजूर किए हैं और उनका निर्माण किया गया है.

### मिल रहा योजनाओं का लाभ

प्रस्तावना में किशोर भोयर ने बताया कि अब तक इस समुदाय के 32 परिवारों को राशन कार्ड, 79 को जाति और डोमिसाइल प्रमाणपत्र, 68 को आधार कार्ड और रमाई आवास (ग्रामीण) योजना के तहत 25 घरकुल को मंजूरी दी गई है. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस बस्ती के लिए सभी मुलभूत सुविधाएं देने की कोशिश कर रही है. इस अवसर पर कुडवा की पूर्व सरपंच श्यामदेवी ठाकरे, पूर्व ग्राम विकास अधिकारी कृष्णकुमार नागपुरे और समाज कल्याण विभाग के लक्ष्मण खेडकर को मांग-गारोड़ी समुदाय के विकास के लिए उनके बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया गया. साथ ही 25 घरकुलों का मुरुगानंथम ने रिबन काटा और लाभार्थी परिवारों को भारतीय संविधान की प्रस्ताविका भेट देकर गृहप्रवेश किया गया. संचालन समाज कल्याण निरीक्षक स्वाति कापसे ने किया. आभार घाटघुमर ने माना.

### जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, देंगे

अपना गुजारा करने के लिए छोटे-मोटे व्यवसाय करें, इस बस्ती की सभी महिलाओं को बचत गट में शामिल किया जाएगा. जनसुविधा योजना के तहत इस बस्ती में एक सड़क बनाई गई है. इस बस्ती के लिए यह खुशी की बात है कि इस समुदाय के लिए घरकुल मंजूर हो गया है, जबकि इनके पास कोई कागजात नहीं है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि मैं इस बस्ती के लोगों को जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, डोमिसाइल के साथ-साथ पीने के पानी और बिजली की सुविधा दिलाने के लिए जिला प्रशासन स्तर पर जरूर कोशिश करूंगा

## बिजली के खंभे से गिरकर मजदूर की मौत

## कंपनी की लापरवाही, मामला दर्ज करने की मांग

**गोंदिया**-देवरी तहसील के पिंडकेपार/गो. परिसर में 15 अप्रैल को सुबह करीब 10.30 बजे बिजली के खंभे पर हाई वोल्टेज तार जोड़ने के लिए चढ़े एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई. मृतक मजदूर का नाम अर्जुनी मोरगांव तहसील के शेंडा निवासी सुलतान सुरजलाल टेकाम (35) बताया गया है. देवरी तहसील में पॉलीकैप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का हाई वोल्टेज बिजली के तार बिछाने का काम आजकल जोरों पर हैं. इस कंपनी के काम में में परिसर के मजदूर काम कर रहे हैं. शेंडा निवासी मृतक सुलतान टेकाम कंपनी में काम करता था. बुधवार को देवरी तहसील के पिंडकेपार/गो. में एक पोल पर तार बिछाने का काम चल रहा था. इसी दौरान, सुलतान तार बदलने के लिए पोल पर चढ़ा था. मृतक को पता नहीं चला कि पोल पर अभी भी करंट दौड़ रहा है, इसलिए उसे करंट लग गया और वह पोल से गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी देवरी पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया. आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरी के ग्रामीण अस्पताल भेजा गया. आगे की जांच चल रही है. पुलिस की कार्रवाइ पर लोगों की नजर है.

### बिजली मजदूरों को कोई भी सुरक्षा देने में नाकाम

किसानों के फायदे के लिए सरकार ने हाई वोल्टेज बिजली लाइनों का काम कंपनियों को ठेकेदारी पर दिया है. परिसर के मजदूर अपनी जान हथेली पर रखकर कंपनी के काम पर रोजी-रोटी कमाने आते हैं. लेकिन, कंपनी मजदूरों को कोई भी सुरक्षा देने में नाकाम रही है, इसलिए बुधवार को यहां सुरक्षा का मुद्दा सामने आया है. आज एक गरीब मजदूर की सुरक्षा न होने की वजह से जान चली गई. इस कंपनी में ऐसे कई मजदूर काम कर रहे हैं. उनकी सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा? यह सवाल किया जा रहा है.ग्रामवासियों ने मांग की है कि इस कंपनी के खिलाफ



मानव हत्या का मामला दर्ज किया जाए

### गर्भवति पत्नी पर दुखों का पहाड़

मृतक सुलतान के परिवार में उसकी मां और पत्नी हैं, और अचानक हुई इस घटना से शेंडा गांव में दुख है. मृतक की शादी पिछले वर्ष हुई थी. उसकी पत्नी को बच्चे को जन्म देने में कुछ ही दिन बचे हैं. सुलतान पिता बनने से पहले ही समय ने उसे छीन लिया. क्योंकि वह एक मेहनती मजदूर था, इसलिए सुलतान के अचानक चले जाने से शेंडा गांव में दुख की लहर फैल गई.

### 6 जुआरी गिरफ्तार

**गोंदिया**-रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुडवा के पास एक बंद कमरे में चल रहे जुआ अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 6 जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा है. जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुडवा क्षेत्र में एक बंद कमरे में जुआ खेला जा रहा है. पुलिस ने छापा मारकर मौके से 6 जुआरियों को रंगेहाथ पकड़ा.

### पान टपरी से अवैध देसी शराब जब्त

**गोंदिया**- रावणवाडी पुलिस ने सावरी बीट क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक पान ठेले से अवैध देशी शराब जब्त की है. जानकारी के अनुसार, पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि लोधीटोला (सावरी) निवासी देवराम हेतराम नागपुरे (49) अपने पान ठेले से अवैध तरीके से देशी शराब की बिक्री कर रहा है. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली.

## 1 ही दिन तेंदुए-बाघ के हमले में 2 की मौत

### मानव-वन्यजीव संघर्ष जारी, बस्तियों में वन्यप्राणियों की आवाजाही बढ़ी

**गोंदिया**-जिले में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना जारी रहने से नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प से सटे गांव के लोगों में डर का माहौल है. वहीं 10 अप्रैल की शाम एक ही दिन दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोंगो की जान चली गई है. अर्जुनी मोरगांव तहसील के आदर्श धाबेटेकड़ी में शुक्रवार को अपने घर के पास खेल रहे छह वर्ष के प्रज्ज्वल गोवर्धन मेश्राम पर घात लगाए बैठे एक तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर जंगल की ओर ले गया. इस घटना में प्रज्ज्वल की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं सड़क अर्जुनी तहसील के माहुली गांव के पास सौंदड़ जंगल परिसर में शुक्रवार शाम बाघ के हमले में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई. मृत महिला का नाम माहुली निवासी लक्ष्मीबाई हेमराज सयाम (60) बताया गया है. इन दोनों घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है वहीं वन विभाग पर लोग आक्रोश हैं, तेंदुए ने बच्चे का घात लगाकर किया शिकार अर्जुनी मोरगांव तहसील के आदर्श धाबेटेकड़ी में शुक्रवार शाम को अपने घर के पास खेल रहे छह वर्ष के प्रज्ज्वल गोवर्धन मेश्राम पर घात लगाए बैठे एक तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया और उसे घसीटकर जंगल की ओर ले गया. जब परिवार और गांव वालों ने शोर मचाया तो तेंदुआ कुछ दूर जाकर प्रज्ज्वल को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया. तुरंत ग्रामवासी जमा हुए और सर्च ऑपरेशन शुरू किया. कुछ ही



देर में प्रज्ज्वल गंभीर रूप से घायल मिला. लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिसर में गश्त बढ़ा दी गई है. तेंदुए को काबू करने की मांग की है

### खेत में काल बनकर आया बाघ

अधिकारी और सौंदड़ जिले के सड़क अर्जुनी तहसील के माहुली गांव के पास सौंदड़ जंगल परिसर में शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे लक्ष्मीबाई सयाम मक्के के खेत में काम कर रही थीं, तभी बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया. हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर वन सहवन क्षेत्र के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे. मृतक महिला के शव को आगे की कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम के लिए सड़क अर्जुनी के ग्रामीण अस्पताल में भेज दिया गया है. वन विभाग ने मृतक के परिजनों को तुरंत मदद के तौर पर 50 हजार रु. की आर्थिक मदद दी है.

## कल्याण समिति व पुलिस विभाग अलर्ट, अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह पर कड़ी नजर

**गोंदिया**-समाज में बड़े पैमाने पर अशिक्षा, गरीबी, कम उम्र में शादी करने की प्रथा और जाति व्यवस्था के कारण बाल विवाह की दर बढ़ रही है. भारतीय संस्कृति में विवाह यह समाज में एक महत्वपूर्ण और सार्वजनिक सामाजिक गतिविधि है. अक्षय तृतीया के अवसर पर सामुदायिक और व्यक्तिगत दोनों तरह जाते हैं. बड़े पैमाने पर बाल विवाह होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है. इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को है, और इस दिन को शुभ मानते हुए, इस समय बड़े पैमाने पर बाल विवाह होने की भी संभावना रहती है. महिला व बाल विकास मंत्रालय, मुंबई द्वारा 3 जून 2013 को जारी की गई अधिसूचना और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 (2007) की धारा 16 के सब-सेक्शन (1)



और (3) के अनुसार, ग्राम पंचायत स्तर पर बाल विवाह प्रकल्प अधिकारी (नागरी) और प्रकल्प के तहत नियुक्त आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक और संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम सेवकों को बाल विवाह रोकथाम अधिकारी घोषित किया गया.

### बाल विवाह रोकने की अपील की गई

बाल विवाह को रोकने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए और ज्यादा असरदार कोशिशें करना जरूरी है. हर अच्छे नागरिक को अक्षय तृतीया या दूसरे मौकों पर बाल विवाह रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए. 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी करना जुर्म है. बाल विवाह एक जुर्म है और बाल विवाह प्रतिबंधक अधिनियम 2006 के तहत, बाल विवाह करने वाले और इसे करवाने वाले को दो साल तक की जेल और 1 लाख रु. तक का जुर्माना हो सकता है.

## नागपुर शिफ्ट करने की तैयारी

## 4 दिन बाद तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के धाबेटेकड़ी आदर्श में 10 अप्रैल की रात 8 बजे तेंदुए ने 6 वर्षीय प्रज्जवल गोवर्धन मेश्राम नामक बालक को मकान के सामने से घसीटते हुए ले गया था. इस घटना में बालक की मौत हो गई थी. इस घटना के बाद से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश



निर्माण हो गया था. घटना को गंभीरता से लेते हुए अर्जुनी मोरगांव वन विभाग की टीम व शीघ्र बचाव दल ने नरभक्षी तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए. आखिरकार 14 अप्रैल को वन विभाग ने नरभक्षी तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया गया है. जिसे नागपुर भेजे जाने की जानकारी दी गई है. तेंदुआ नर होकर उसकी उम्र 3 से 4 वर्ष बताई गई है. उल्लेखनीय है कि अर्जुनी मोरगांव तहसील चारों ओर से जंगल से घिरी हुई है. तहसील के गांवों में आए दिन हिंसक वन्यजीवों का आतंक देखा जाता है. ग्रामीणों पर हमले किए जाने की अनेकों घटनाएं घटित भी हो चुकी हैं. इसी तरह की घटना 10 अप्रैल को भी घटित हुई थी. उपवन संरक्षक पवनकुमार जोंग, प्रकाष्ठ निष्कासन अधिकारी अविनाश मेश्राम के मार्गदर्शन में अर्जुनी मोरगांव के वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र बहुरे, शीघ्र बचाव दल के सतीश शेंडे, अमित राऊत, शुभम मेश्राम, अमोल चौबे, विक्की ब्राम्हणकर सहित अन्य कर्मचारी लगातार तेंदुए को पिंजरे में कैद करने का प्रयास कर रहे थे. आखिरकार उसे पिंजरे में कैद कर लिया गया है.

## किसानों को चुलबंध जलाशय की बाईं नहर का पानी दिया जाए

- संघर्ष समिति ने प्रफुल पटेल से की मांग



**गोदिया**- चुलबंध जलाशय की बाई नहर के लिए वर्ष 1999 से संघर्ष समिति का आंदोलन और संबंधित प्रशासन के साथ पत्र व्यवहार जारी है, विदर्भ विकास महामंडल नागपुर तथा जलसंपदा विभाग भंडारा, अधीक्षक अभियंता, मुख्य अभियंता नागपुर और मुंबई मंत्रालय संबंधित विभाग तथा मंत्री, पाटबंधारे विभाग गोंदिया से बार-बार मुलाकात और पत्र व्यवहार कर चुलबंध जलाशय की बाई नहर के लिए कुछ तकनीकी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। किसानों को खेती के लिए सिंचाई की सुविधा मिले इसलिए संघर्ष जारी है और इन तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए चुलबंध संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल ने प्रफुल पटेल से मिलकर विस्तृत चर्चा कर बाईं क्षेत्र की खेती को पानी उपलब्ध हो सके इसलिए उनसे चर्चा कर उन्होंने स्पष्ट आश्वासन दिया। चुलबंध जलाशय के बाएं नहर की वितरण प्रणाली के माध्यम से डव्वा क्षेत्र के किसानों की खेती और अन्य फसल को पानी की अत्यंत आवश्यकता है और पिछले कई वर्षों से संघर्ष जारी है। डव्वा क्षेत्र की अनुमानित 600 से 800 हेक्टेयर जमीन को खरीफ सीजन में पानी की जरूरत है। साथ ही डव्वा चुलबंध क्षेत्र की खेती के लिए अतिरिक्त पानी की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए जलाशय के बाएं नहर की बंदिस्त वितरण प्रणाली के अंतर्गत खेती को पानी मिलना चाहिए और अनुमान पत्रक की त्रुटियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए। इसके लिए उदय कावले की उपस्थिति में डव्वा क्षेत्र के किसान भाइयों ने सांसद प्रफुल पटेल से मिलकर निवेदन दिया। इस अवसर पर उदय कावले, उमराव चौधरी, रेवालाल पटले, नारायण चामलाटे, किशन कुरुसुगे, हरिचंद हरुदुले, अशोक इंन्सोड, हरिचंद शहारे, वामन बन्सोड, ईश्वर कुरसुगे, मनोज बन्सोड, प्रल्दाद कवरे, नेवलराम उईके, हिवराज सय्याम, चेतन नंदेश्वर, वारलु वालवे, तेजराम भोयर, बाबालाल जांभुलकर, कारुजी शहारे, देवचंद चुलपार सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## राकांपा ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती

**गोंदिया**-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भारतीय संविधान के रचयिता, विश्वरत्न परम पूज्य डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई, राकांपा भवन, रेलटोली कार्यालय और नई प्रशासकीय इमारत के सामने स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन और पार्टी के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर अभिवादन किया, राजेंद्र जैन ने कहा कि सभी ने महापुरुष परम पूज्य डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों को अपनाना चाहिए और समाज में भाईचारा और बराबरी की भावना निर्मित करनी चाहिए. इस अवसर पर नानू मुदलियार,



राजू एन. जैन, खालिद पठान, भगत ठाकरानी, लोकेश यादव, अमित भालेराव, संजीव राय, माधुरी नासरे, वर्षा बैस, करण टेकाम, विनायक शर्मा, दीपक कनोजे, कुणाल बावनथड़े, वामन गेडाम आदि उपस्थित थे.

## संपादकिय...

# यह 'आर्थिक आतंकवाद' है

राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान की बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को 'टोल' देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जाएगा और जांच होगी। युद्ध का नया आयाम खुल गया है। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर 'समुद्री युद्ध' का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, लिहाजा चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर चीन के साथ रूस भी है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है? हम स्पष्ट कर दें कि विश्व युद्ध के कोई आसार नहीं हैं, जो सनसनी कुछ टीवी चैनल फैला रहे हैं। बहरहाल अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से 'आर्थिक आतंकवाद' है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हररोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों के भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं। मसलन-राजस्थान के मेंहदी कारोबार का 300 करोड़ रुपए का सामान ठप पड़ा है। उसका सामान खाड़ी देशों को जाता था। वे सभी युद्ध से त्रस्त और ध्वस्त हैं। इसके अलावा, कांच की चूडियों का कारोबार, सिरेमिक टाइल्स, प्लास्टिक के उद्योग और खाद की कमी से खेती आदि पर घोर संकट हैं। सरकार कुछ भी दावे करे या सहानुभूति व्यक्त करे, लेकिन देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा तालाबंदी के कगार पर हैं। श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा नोएडा, हरियाणा की कुछ कंपनियों के बाहर हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन भी फूंक दिए गए। इस 'आर्थिक आपातकाल' में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। निर्यात संभव नहीं हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुडकी और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था। अब मौजूदा दौर में ईरानी तेल के दो टैंकर (20-20 लाख बैरल) भी भारतीय तटों पर आए हैं। अब हम अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, ओमान आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करने को विवश हैं। भारत की विदेश नीति, तेल आयात नीति और भंडारण की नीति सवालिया हैं। दरअसल हम कुआं खोदना तब शुरू करते हैं, जब आग धधकने लगती है।

# हत्या या आत्महत्या ? लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

## चार दिन से लापता था युवक, सड़ी-गली हालत में मिला शव



**गोंदिया**-देवरी तहसील के सालेकसा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरपार जंगल में एक लापता युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। यह घटना 12 अप्रैल को सामने आई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान मुरपार निवासी मुकुंद गणेश वरखडे (22) के रूप में हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में आत्महत्या या किसी साजिश की आशंका को लेकर अलग अलग चर्चाएं चल रही हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को रोजाना की तरह कुछ चरवाहे अपने पशुओं को चराने के लिए जंगल में गए थे। इसी दौरान उन्हें जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन शव की हालत खराब होने के कारण पहचान संभव नहीं हो पा रही थी। इसके बाद सालेकसा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि मुरपार गांव का ही एक युवक पिछले चार दिनों से लापता था। इसी आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई और शव की शिनाख्त मुकुंद गणेश वरखडे के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है

# फुले के उद्देश्य नई पीढ़ी तक पहुंचाएं

## फुले की जयंती अवसर पर सांसद डॉ. किरसान ने कहा




**आमगांव**-शोषित, पीड़ित व अशिक्षित समाज में समानता का अधिकार (स्थान) मिले इसके लिए किसी सवर्ण जाति के दबाव में न आते महात्मा जोतिबा फुले ने जनहित में कार्य किया है, उन कार्य व उद्देश्यों को आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक हो गया है. ऐसा प्रतिपादन सांसद डॉ. नामदेव किरसान ने स्थानीय रजवाडा लॉन (जमिदार बाडा.) में अखिल भारतीय माली महासंघ, माली महासंघ, समता परिषद द्वारा आयोजित महात्मा जोतिबा फुले की जयंती अवसर पर किया. अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक टिकाराम बड़मे (गुरुजी) ने की. विधायक संजय पुराम, निखिल बन्सोड, जिला कांग्रेस सचिव इसुलाल भालेकर, जिला आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष एड, दुष्यंत किरसान आदि उपस्थित थे.माली समाज की ओर से जितेंद्र गुरनुले सहायक पुलिस निरीक्षक, चिकित्सक राधेश्याम पाचे, मनोज देशकर, विजय नागरिकर, विकास नागरिकर, उज्वल वंजारी, अजय इंगले, बालु वंजारी, संजय देशकर का सत्कार किया गया. संचालन ताराचंद बनकर ने किया, प्रास्तावना बालु वंजारी ने रखी व आभार दिनेश भसे ने माना.

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

**गोंदिया**-आमगांव थाने के तहत धावड़ीटोला निवासी चंद्रप्रकाश सेशकुमार चौधरी (35) की छगनलाल पटले के खेत में स्थित कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई. मृतक 13 अप्रैल से लापता था. इसी बीच धावड़ीटोला के लोग महुआ फूल चुनने गए तथा उन्हें कुएं में उसका शव दिखाई दिया. फिर्यादी पृथ्वीराज भोजलाल रहांगडाले (37) की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर शैक्षिक कार्यक्रमों की शुरुआत




**गोरगांव**-मॉडेल कॉन्वेंट गोरेगांव में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती मनाई गई. अध्यक्षता प्रा.आर.डी. कटरे ने की. अतिथि के रुप में प्रधानाध्यापक सी.पी. मेश्राम, पर्यवेक्षक आर.बी. कोल्हे उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई. अध्यक्षीय भाषण में कटरे ने कहा कि डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों को आज की पीढ़ी को अपनाना चाहिए. उन्होंने छात्रों को शिक्षा, स्वाभिमान और सामाजिक समानता के महत्व के बारे में समझाया. प्रधानाध्यापक सी.पी. मेश्राम ने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान प्रत्येक भारतीय के अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है. उनके विचारों पर चलकर समाज प्रगति कर सकता है. संचालन व आभार यामिनी ठाकरे ने किया. कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# जिले में आंबेडकर जयंती उत्साह से मनाई

## विशाल रैली में बहुजनों का उमड़ा जनसैलाब



**गोंदिया**-भारतीय संविधान के निर्माता, आधुनिक भारत के शिल्पकार व शोषितों वंचितों के मसीहा भारतरत्न डा. बाबासाहब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. बहुजन समाज को संगठित कर उन्हें उनके हक और अधिकार दिलाने का कार्य करने वाले राष्ट्र निर्माता बाबासाहब के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए 14 अप्रैल का दिवस समानता और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है. स्थानीय भीमनगर मैदान से जय भीम के जयघोष के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन और सम्मान रैली निकाली गई.

जिसमें अनेकों भीम सैनिक शामिल हुए. जयंती अवसर पर प्रशासकीय इमारत (तहसील कार्यालय) डा. आंबेडकर चौक पर स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन करने जनसैलाब उमड़ पड़ा. जगह-जगह हुआ स्वागत भीमनगर ग्राउंड स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात रैली प्रारंभहुई. उसी प्रकार सिंगलटोली, कुंभारेनगर, गौतमबुद्ध वार्ड, आंबेडकर वार्ड, सूर्याटोला, लक्ष्मीनगर, मुर्री, नंगपुरा, गौतमनगर, सावराटोली, न्यू लक्ष्मीनगर, कन्हारटोली, मरारटोली, गांधी वार्ड, छोटा गोंदिया, संजय नगर आदि वार्डों से निकली छोटी रैलियों को एक बड़ा स्वरूप देते हुए विशाल रैली निकाली गई.

### अभिवादन रैली की धूम

शहर के विभिन्न इलाकों से निकली अभिवादन रैलियां मुख्य मार्गों से होते हुए प्रशासकीय इमारत के पास डा. आंबेडकर चौक पर पहुंची. जहां बाबासाहब का अभिवादन किया गया. जयंती निमित्त शहर के चौराहों को नीले झंडों की तोरण से सजा दिया गया. आंबेडकर चौक के पास पेंडाल बनाए गए, जिनमें संगीतमय प्रबोधनात्मक कार्यक्रम और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह रैली के स्वागत में पुलाव, पुरीभाजी, छाछ, ककड़ी, बूंदी, शरबत, तरबूज, कुल्फी, आइसक्रीम, मँगो शेक आदि का वितरण हुआ

# सौर ऊर्जा जनजागृति व शिकायत निवारण शिविर

## किसानों की समस्याओं का मौके पर निपटारा



**गोंदिया**-सरकार आजकल सौर ऊर्जा पर ज्यादा से ज्यादा जोर दे रही है, और इसके लिए नई योजनाओं और पहलों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को सौर ऊर्जा यंत्रणा लगाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है. इसके बावजूद, बहुत से लोग अभी भी महावितरण की इन सौर ऊर्जा योजनाओं और पहलुओं से अनजान हैं और इसलिए इससे दूर रहते हैं. ऐसे में, महावितरण की तरफ से विशेष जागरूकता और शिकायत निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के बारे में जानकारी मिले और अगर उन्हें कोई शिकायत है, तो उसका तुरंत समाधान किया जा सके. खाड़ी युद्ध की वजह से गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पर असर पड़ा, जिससे पूरे देश में हलचल मच गई. ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार का मुख्य लक्ष्य विदेशी उत्पादकों पर निर्भर रहने के बजाय अपने देश में मौजूद संसाधनों का इस्तेमाल करके आत्मनिर्भर बनना है. अभी भी बहुत से लोगों को यह नहीं पता कि सौर ऊर्जा का कितना फायदा है. ऐसे में, नागरिकों में सौर ऊर्जा के बारे में जागरूकता लाने और उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान करने के लिए महावितरण की ओर से उपविभाग स्तर पर सौर जागरूकता और शिकायत निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं. इन शिविरों में संबंधित अधिकृत एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, और ग्राहकों को अपनी समस्याओं के बारे में उनसे सीधे बात करने और मार्गदर्शन पाने का मौका मिलेगा. इसलिए, ग्राहकों की समस्याओं का निपटारा एक ही जगह पर, आसान और पारदर्शिता तरीके से किया जाएगा.

### कृषिपंप किसान ग्राहकों का समाधान आवश्यक

किसानों की शिकायत है कि बिजली आपूर्ति न होने की वजह से उनके खेतों में ठीक से सिंचाई नहीं हो पा रही है. ऐसे में सौर कृषि पंप उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं. हालांकि, अगर किसानों को कोई समस्या आती है और उसका समय पर समाधान नहीं होता है, तो किसान परेशान हो जाते हैं. ऐसे में इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को बेसिक सुविधाएं देना और उनकी शिकायतों का जल्दी और असरदार तरीके से समाधान करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान सौर कृषि पंप की ओर रुख करें.

### शिविर में इन शिकायतों का होगा तुरंत समाधान

शिविर में पंप काम न करना, बाढ़, बंदरों या अन्य कारणों से सोलर पैनल-पंप खराब होना, सोलर पैनल या पंप चोरी होना, पूरे पैसे देने के बाद भी पंप न लगना जैसी शिकायतों का समाधान किया जाएगा. इसके लिए, ग्राहकों को शिविर में आते समय अपना एमटीआईडी और आधार कार्ड लाना होगा, ताकि उनके मामलों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके.

# सरकारी संपत्तियों की दुर्गति, यात्री परेशान

## पांढरी बस स्टैंड की हालंत अत्यंत दयनीय



**सड़क अर्जुनी**-पांढ़री बस स्थानक की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है. यहां के यात्री निवास गंदगी और कचरे से घिरे हुए हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कुछ वर्ष पूर्व मुरदोली-कोसमतोंड़ी मुख्य मार्ग पर नियमित बस सेवा संचालित होती थी. उस समय यात्री निवास यात्रियों से भरे रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे इस मार्ग पर बस सेवा बंद हो गई. इसके बाद से इन निवासों की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई. आज कई यात्री निवास जर्जर अवस्था में हैं. पांढरी के यात्री निवास के सामने से गुजरने वाली सड़क का पिछले 15 वर्षों में 5 बार निर्माण किया गया, जिससे सड़क की ऊंचाई बढ़ गई और बस स्थानक निचले हिस्से में चला गया. इसके कारण बारिश के मौसम में यहां पानी भर जाता है. इलाके में बढ़ती गंदगी और कचरे के कारण यात्री निवास में कुछ देर ठहरना भी मुश्किल हो गया है. मुरदोली, गोंगले, पांढरी, चिचटोला और कोसमतोंड़ी गांवों के यात्री निवास भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं.

### वर्तमान में बस सेवाएं बंद

कुछ स्थानों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा रंगाई-पुताई की गई है, संबंधित विभाग द्वारा समुचित देखरेख नहीं की जा रही है. स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कुछ यात्री निवासों में पशुपालक अपने जानवर बांधने लगे हैं. पहले पांढरी से गोंदिया और साकोली डिपो की बड़ी संख्या में बसें संचालित होती थीं, रेलवे सेवा सस्ती और सुविधाजनक होने से यात्रियों ने बसों से दूरी बना ली. अब बस सेवाएं बंद हो गई हैं.

# इर्री की घटना, जांच जारी

## 2 युवकों पर तलवार से प्रहार



**गोंदिया**-ग्रामीण थाने के तहत ग्राम इर्री में तीन युवकों ने दो युवकों पर तलवार से प्रहार कर दिया. जिसमें दोनों घायल हो गए. घायल युवकों के नाम इर्री निवासी राजा योगराज ठकरेले (28) व चंद्रशेखर योगराज ठकरेले (26) बताया गया है. जानकारी के अनुसार, इर्री निवासी राजा ठकरेले व चंद्रशेखर ठकरेले गांव के शैलेश भेंडे के शादी आशीर्वाद समारोह से निकलकर पहाड़ी चौक से मोटरसाइकिल निकाल रहे थे. इसी बीच आरोपी रविंद्र पन्नालाल ठकरेले (32), रोहीत रेकलाल नागपुरे (22) व विक्की हसनलाल ठकरेले (21) ने हमें गुस्से से क्यों देखा ऐसा कहते हुए गालीगलौज की. साथ ही आरोपी विक्की ने अपनी पास की तलवार निकालकर दोनों युवकों पर प्रहार कर दिया. जिसमें वह घायल हो गए. फिर्यादी चंद्रशेखर ठकरेले की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक भोसले कर रहे हैं.

# हॉजराफॉल में आए पर्यटकों के साथ विवाद



**गोंदिया**-सालेकसा तहसील के प्रमुख पर्यटन स्थल हॉजराफॉल में आए पर्यटकों के साथ प्रबंधन समिति के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है. पर्यटकों ने सालेकसा वन परिक्षेत्र अधिकारी से शिकायत कर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. आरोप है कि कर्मचारियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा मराठी भाषा का भी अपमान किया. प्रवेश शुल्क लेने के बावजूद रसीद नहीं दी गई. हॉजराफॉल में प्रतिदिन छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं. यहां की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी स्थानीय प्रबंधन समिति के पास है. शनिवार को भंडारा से आए पर्यटक स्थल के संबंध में जानकारी ले रहे थे. मामूली बात को लेकर प्रबंधन समिति के कर्मचारियों से विवाद हो गया. प्रवेश शुल्क लेने के बावजूद रसीद नहीं दी गई. रसीद की मांग करने पर विवाद और बढ़ गया. शिकायतकर्ताओं में पर्यटक अश्विन देशमुख, रोशन ढोके, विजेंद्र महालकर, आशिष माटे, विवेक डहरवाल, मनिष गुरवे, लोकेश कामथे, हर्षल मलेवार सहित आदि पर्यटकों का समावेश है.

# बेला में 1 महिला सहित 5 आरोपी हुआ गिरफ्तार

## देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़



**भंडारा**-शहर से सटे बेला क्षेत्र में चल रहे देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है. अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंध कक्ष द्वारा की गई इस कार्रवाई में एक महिला सहित चार पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया गया है. जिले में महिलाओं के देह व्यापार और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में कक्ष को बेला परिसर में अवैध गतिविधि की गोपनीय सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर टीम ने एक नकली ग्राहक के जरिए मौके पर छापा मारा. कार्रवाई के दौरान एक महिला और चार पुरुष आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया. वहीं मौके पर मौजूद तीन पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित निकालकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया. मुक्त कराई गई महिलाओं को फिलहाल सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है, जहां उन्हें आवश्यक सहायता और संरक्षण दिया जा रहा है. सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक मानव व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की विभिन्न धाराओं के तहत भंडारा पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 1614/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निलेश मोरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक नितीन चिंचोलकर, सहायक पुलिस निरीक्षक केशव पुंजरवाड, महिला पुलिस हवालदार अर्चना कुथे एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने संयुक्त रूप से की.

# नागरिकों में डर का माहौल
## मुरपार जंगल परिसर में पेड़ पर दिखा तेंदुआ



**गोंदिया**-देवरी तहसील के मुरपार जंगल परिसर में 15 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे एक पेड़ पर तेंदुआ देखा गया, जिससे ग्रामवासियों में डर का माहौल है. अभी महुआ फूल संकलन का मौसम चल रहा है, इसलिए मुरपार के कुछ ग्रामवासी महुआ फूल चुनने के लिए जंगल परिसर में गए, तो उन्होंने कुसुम के पेड़ पर एक तेंदुआ बैठा देखा. पास के एक पेड़ पर बंदरों का झुंड भी था. ग्रामवासियों ने अंदाजा लगाया कि तेंदुआ शिकार की तलाश में पेड़ पर चढ़ा होगा. महुआ फूल चुनने गए ग्रामवासियों ने गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी. जानकारी मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और भारी भीड़ जमा हो गई. महुआ फूल चुनने मौसम होने से ग्रामीण सुबह-सुबह जंगल परिसर में जाते हैं. इससे पहले इसी परिसर के शिरपुर/बांध परिसर में एक तेंदुआ देखा गया था. लेकिन, बुधवार को सुबह तेंदुआ दिखने से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है. लोगों ने तेंदुए को भगाने की बहुत कोशिश की, लेकिन तेंदुआ दो से तीन घंटे तक पेड़ पर ही बैठा रहा. ग्रामवासियों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी है. ग्रामवासियों ने मांग की है कि इस परिसर में तेंदुए को पकड़ने के लिए तुरंत पिंजरा लगाया जाए.

# हादसे में 2 लोगों मौत
## दुर्घटना में एक युवक गंभीर घायल




**भंडारा**-पालोरा-कोंढा मार्ग पर मंगलवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. यह दर्दनाक घटना पालोरा चौक के पास घटी, जिससे पिंपलगांव निपानी और बोरगांव क्षेत्र में शोक का माहौल है. मृतकों की पहचान पिंपलगांव निपानी निवासी धनंजय गजानन भानारकर (28) और बोरगांव/खांबाडी निवासी राजेश चेपा गजभिये (45) के रूप में हुई है. वहीं पिंपलगांव निपानी निवासी सचिन नारायण गाडेकर (30) गंभीर रूप से घायल है और उसका उपचार अस्पताल में जारी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों युवक मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 31 बीवाय 9923) से पवनी की ओर जा रहे थे. इस दौरान पालोरा चौक के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर मौके पर ही दम तोड़ बैठे. घटना की सूचना मिलते ही अड्?याल पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ग्रामीण अस्पताल भेजा. घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए भर्ती कराया गया. पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. इस घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर है. स्थानीय नागरिकों ने बढ़ते सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है.

# LPG के लिए भीड़ न करें



**गोंदिया**-गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी अथवा गोदामों भीड़ न करें. मांग के अनुसार जिले में एलपीजी मौजूद है. नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिलास्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है. जिसका क्र. 8329047775 है, जिसमें नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं, ऐसा आव्हान जिलाधीश डॉ. मंगेश गोंदावले ने किया है. एलपीजी गैस का संकट निर्माण होने से घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के साथ ही लाभार्थियों को गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से हो, इसके लिए 13 अप्रैल को कंपनी के बिक्री अधिकारी व गैस एजेंसी धारकों की बैठक आयोजित की गई. जिसमें गैस आपूर्ति मांग के अनुसार समाधानकारक होने की जानकारी बिक्री अधिकारी व गैस एजेंसीधारकों ने दी. जिले में आज की स्थिति में मांग के अनुसार एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है. जिससे ग्राहक सिलेंडर की बुकिंग करने के लिए घबराएं नहीं. साथ ही गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के बाहर अथवा गोदाम में भीड़ न करें.

### केरोसिन का वितरण शुरू

गैस डिलीवरी घर पहुंच की जा रही है. साथ ही गैस सिलेंडर प्राप्त होने के बाद डिलीवरी बॉस को ओटीपी दें. ऐसा आव्हान जिला प्रशासन की ओर से किया गया है. बिना ओटीपी गैस सिलेंडर डिलीवरी होने की जानकारी सामने आते ही संबंधितों पर प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. शासन के निर्देशों के अनुसार जल्द ही जिले में केरोसिन का वितरण शुरू किया जाएगा. ताकि नागरिकों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े.

## बेलोरो की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत अर्जुनी मोरगांव निवासी ईवांश राजेश ढवले (2) की बोलेरो मालवाहक की चपेट में आने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, वार्ड क. 5 निवासी आरोपी सत्यनारायण रतिराम सांगोले (50) रास्ते पर रखी अपनी बोलेरो मालवाहक क्र. एमएच 35 के 3257 को पीछे ले रहा था. इसी दौरान ईवांश वाहन के पीछे से आगे जा रहा था. इसी बीच बोलेरो की उसके सिर पर टक्कर लगने से वह रोड पर गिर गया. जिसमें उसकी मौत हो गई.

## 63,900 रु. का आभूषण की चोरी

**गोंदिया**-आमगांव थाने के तहत अंजोरा निवासी फिर्यादी सुभाष गोवर्धन भांडारकर (47) अपने लड़की की शादी कार्यक्रम में व्यस्त थी. इसी दौरान अंजोरा निवासी आरोपी शिवशंकर रमेश भांडारकर (35) व नागपुर निवासी राहुल धुर्वे (20) ने मौके का फायदा उठाते हुए अलमारी में रखे 63 हजार 900 रु. कीमत के सोने के आभूषण चुरा लिए.

# संस्कृति बनी टॉपर 93.40 प्रश हासिल
## सीबीएसई दिल्ली बोर्ड उत्कृष्ट परिणाम से प्रोग्रेसिव स्कूल का नाम किया रोशन



**गोंदिया**-के तहत आयोजित सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रोग्रेसिव इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. जिसमें संस्कृति एम. मिश्रा ने 93.40 प्रश. अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. विधि एस. अग्रवाल ने 92.00 प्रश. अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया.

साथ ही भाविक ढेकवार ने 91.80 प्रश., सारंग पटले ने 91.60 प्रश., तेजस तेढ़ा ने 91.60 प्रश., सौरभ ठाकरे ने 91.20 प्रश., लिना राने ने 90.80 प्रश. व टिकेश्वर डुडेश्वर येल्हे ने 90.60 प्रश. अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है. विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सफलता पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. साथ ही बच्चों के सफलता ने दूसरों को आगे के लिए प्रोत्साहित किया.

## फुले व आंबेडकर की जयंती पर
## इंजी. चंद्रिकापुरे ने कहा शिक्षा से ही समाज परिवर्तन संभव



**गोरेगांव**-भारतीय समाज की उन्नति के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति के सच्चे प्रणेता थे, ऐसा प्रतिपादन भाजपा गोरेगांव के तहसील सचिव इंजी. आनंद चंद्रिकापुरे ने सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फुले व डा. बाबासाहब आंबेडकर की संयुक्त जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किया. इस दौरान उन्होंने महात्मा फुले के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खोलकर समानता का मार्ग दिखाया. स्त्री शिक्षा, किसानों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए उनका योगदान आज भी प्रेरणादायी है.

### पंचशील नाट्य कला मंडल का आयोजन

यह कार्यक्रम पंचशील नाट्य कला मंडल के तत्वावधान में 11 अप्रैल को ग्राम महागांव में आयोजित किया गया था. अध्यक्षता छगन साखरे ने की. उद्घाटन इंजी. आनंद चंद्रिकापुरे के हस्ते हुआ. इस अवसर पर जिप सदस्य जयश्री देशमुख, मिथुन मेश्राम, सोनटक्के, व्यंकट खोब्रागडे, दीक्षा रामटेके, किशोर तागड़े, आशीष टेंभुरकर, प्रमोद लांडगे आदि उपस्थित थे. अंत में उन्होंने कहा कि यदि हम शिव, शाहू, फुले और आंबेडकर के विचारों को अपनाकर आगे बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज और देश की प्रगति संभव है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

# प्रतिभाशाली युवा देश के विकास की मजबूत नींव : अग्रवाल
## युवा मैत्री सम्मेलन स्पंदन साल में 7.0%का हुआ आयोजन



**गोंदिया**-जिला कांग्रेस-एनएसयूआई के युवा नेता संदीप रहांगडाले के नेतृत्व में युवा मैत्री सम्मेलन स्पंदन 7.0 का उद्घाटन पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में शंकरलाल अग्रवाल कॉलेज, डी. बी. साइंस, एन. एम. डी. और गोंदिया के अन्य कॉलेजों के पदाधिकारी, प्रोफेसर और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि हर प्रगतिशील राष्ट्र की नींव उसके युवा होते हैं। नींव जितनी मजबूत होगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत और प्रगतिशील बनेगा। मुझे खुशी है कि कांग्रेस पार्टी के सहयोगी संगठन, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई, इस दिशा में सार्थक पहल कर रहे हैं। गोंदिया जिले में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की असीम संभावनाएं हैं, जिसके लिए हमने गोंदिया में अनेक रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक संस्थाएं स्थापित की हैं। गोंदिया के मेडिकल कॉलेज और गोंदिया के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना इसी दिशा में उठाए गए सार्थक कदम हैं, जिनका लाभ इस क्षेत्र के युवाओं तक लगातार पहुंचता रहेगा। हमारी अथक कोशिशों से स्थापित एएनएम जीएनएम नर्सिंग कॉलेज से स्नातक होनेवाले विद्यार्थियों को रोजगार पाने के लिए अधिक प्रयास नहीं करना पड़ता। गोंदिया में शासकीय मेडिकल कॉलेज के बाद अब हमारा लक्ष्य शासकीय डेंटल कॉलेज, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और शासकीय कृषि कॉलेज की स्थापना करना है। लेकिन राज्य में भाजपा सरकार के रहते यह संभव नहीं हो सकता। फिर भी युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करना और सरकार से लड़कर गोंदिया में इन संस्थाओं की स्थापना करना हमारा दृढ़ संकल्प है। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस एनएसयूआई के युवा नेता संदीप रहांगडाले ने कहा कि पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमने हमेशा स्वच्छ और प्रगतिशील युवा राजनीति को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# खाद की कालाबाजारी रोकेंगे दस्ते
## कृषि आयुक्त ने जारी किया पत्र



**गोंदिया**-खरीफ और रबी सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर उर्वरक की कालाबाजारी होती है. लेकिन इसका आर्थिक असर किसानों पर पड़ता है. इस प्रकार की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि आयुक्त ने पत्र जारी कर कृषि केंद्रों पर उर्वरक की आपूर्ति और उसके स्टॉक व बिक्री का सत्यापन कृषि सहायकों के माध्यम से कराने का आदेश दिया है. इस संबंध में सभी जिला अधीक्षक कृषि कार्यालय को पत्र दे दिया गया है. खाड़ी युद्ध के कारण उर्वरक आपूर्ति भी प्रभावित हुई. रबी धान की फसल के लिए यूरिया उर्वरक की भारी मांग है. इस दौरान यूरिया नहीं मिलने से किसान परेशान है. गोंदिया जिले में 65 हजार हेक्टेयर में रबी धान की खेती होती है. रबी धान की बुआई समाप्त हो चुकी है और किसान धान की वृद्धि के लिए यूरिया की खुराक दे रहे हैं. लेकिन युद्ध ने उर्वरक आपूर्ति को प्रभावित किया था. कुछ जगहों पर यूरिया को ज्यादा दर पर बेचे जाने की जानकारी भी मिली है.

### उडन दस्ते की टीम में पंस कृषि अधिकारी शामिल

जिले में 6500 मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक वर्तमान स्थिति में यूरिया की आपूर्ति से यह समस्या दूर हो गई है. जिले में फिलहाल 6,500 मीट्रिक टन यूरिया का भंडार है. कृषि विभाग ने खरीफ सीजन के लिए 21 हजार मीट्रिक टन यूरिया की मांग की है. अगले सप्ताह से जिले को यूरिया की आपूर्ति शुरू होने की संभावना है. खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग ने सभी कृषि केंद्रों को ई-पॉस मशीन पर किसानों का अंगूठा लेकर ही खाद बेचने का निर्देश दिया है. साथ ही इसका उल्लंघन करने वाले कृषि केंद्रों का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा.

खरीफ व रबी मौसम में खाद तथा बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए 9 उडन दस्ते की टीमों का गठन किया गया है.

### ये टीमें कृषि केंद्रों पर जाकर निरीक्षण करेंगी.

इस टीम में पंचायत समिति के कृषि अधिकारी भी शामिल हैं.

### यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति

जिले में रबी धान की खेती के लिए यूरिया की मांग बढ़ गई है. इसके लिए 6 हजार 500 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है. जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है बल्कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है.

नीलेश कानवड़े, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी, गोंदिया.

692 कृषि केंद्रों का निरीक्षण ~कृषि विभाग की उडन दस्ते की टीमों ने अब तक जिले के 998 कृषि केंद्रों में से 692 का निरीक्षण कर खाद के स्टॉक, लाइसेंस आदि का सत्यापन किया है.

# पवनी तहसील में अवैध पशु परिवहन पर कार्रवाई
## वाहन समेत 5.65 लाख रुपयों का माल जब्त किया



**भंडारा**-पशुओं के साथ क्रूरता करते हुए उनकी अवैध तरीके से ढुलाई करने के मामले में पवनी पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में 4 बैलों सहित एक बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 5 लाख 65 हजार रुपये बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, पवनी पुलिस थाना की टीम गश्त पर थी. इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप पर संदेह होने पर पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा किया. जांच के दौरान वाहन में 4 सफेद रंग के बैल बेहद अमानवीय स्थिति में ठूंसे हुए पाए गए. पुलिस के अनुसार, बैलों को साखल और रस्सियों से इस तरह बांधा गया था कि उन्हें गंभीर चोट और पीड़ा हो सकती थी. साथ ही वाहन में पशुओं के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, जिससे उनकी स्थिति और भी दयनीय हो गई थी. इस कार्रवाई में पुलिस ने 4 बैल और एमएच 36 एए 0076 नंबर का पिकअप वाहन जब्त किया है. कुल जब्त माल की कीमत 5 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है. इस मामले में आरोपी वेलवा, तहसील पवनी निवासी राजेश सोनेधर बावणकर (25) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निलेश मोरे तथा पुलिस निरीक्षक ब्राम्हणे के मार्गदर्शन में पुलिस सिपाही चांदेकर द्वारा की गई.

## जायसवाल बने जिले के विशेष कार्यकारी अधिकारी



**गोंदिया**-महाराष्ट्र शासन ने 4 मार्च 2026 के असाधारण राजपत्र द्वारा गोंदिया के विशेष कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति की है. इसमें शहर के रामनगर क्षेत्र के संजय विजयकुमार जायसवाल को भी नियुक्त किया गया है. जायसवाल वर्तमान में विजयश्री नागरी सहकारी पत संस्था के अध्यक्ष पद पर कार्यरत है. वे जीईएस रिटायर्ड एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के सचिव व स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयोजक के रूप में समाज में सक्रिय है. इससे पूर्व वे नगर के होमगार्ड कमांडर के रूप में अनेक वर्षों तक पदस्थ रहे. उन्होंने जीईएस हाईस्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय कामठा में शारिरिक शिक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दी. साथ ही उन्होंने एक वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में नागपुर विद्यापीठ, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सहभाग किया है. जायसवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल पटेल व पूर्व विधायक राजेंद्र जैन का आभार माना. क्षेत्र के प्रा. अशोक हुकमानी, भरत क्षत्रिय, विजय बैस, एड. विनोद जानी, वसंत बढ़े, एस ए वहाब, शैलेष पटेल, गणेश चिंधालोरे, शकील भाई, होमलाल गौतम, एड. सतीश सुखदेव, मुकेश पटेल, महेंद्र बढ़े, प्रवीण जायसवाल व दीपक श्रीवास आदि ने नियुक्ति का स्वागत किया

# 592 अवैध वेंडरों पर की गई कार्रवाई

**गोंदिया**-ट्रेनों व रलवे स्टेशनों से वर्ष 2025 में 3 हजार 176 व इस वर्ष जनवरी से अब तक 592 अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई की गई है. वर्ष 2025 के जनवरी माह में 330, फरवरी में 270, मार्च में 329, अप्रैल में 285, मई में 264, जून में 339, जुलाई में 321, अगस्त में 250, सितंबर में 262, अक्टूबर में 210, नवंबर में 136 व दिसंबर में 180 इस तरह 3 हजार 176 अवैध वेंडर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई. उसी प्रकार इस वर्ष जनवरी माह में 199, फरवरी में 158, मार्च में 235 मिलाकर 592 अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. कई बार ट्रेनों में देखा गया है कि अवैध वेंडर्स यात्रियों के साथ अपशब्दों का उपयोग कर उन्हें परेशान करते हैं. इतना ही नहीं तो ट्रेनों में भीड़ होने के बावजूद यह अवैध वेंडर्स यात्रियों को धक्का देते हुए आगे निकलने का प्रयास करते हैं

## सुरक्षा के लिए लगाए गए 63 सीसीटीवी में से 41 खराब

### 37 एमपीआर सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जिनमें से 4 कैमरे लगाए जा चुके हैं



**गोंदिया**-गोंदिया शहर में चोरी, अवैध रेत यातायात और अन्य अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। अपराधों में लिप्त आरोपियों को पकड़ने में सीसीटीवी कैमरे अहम भूमिका निभाते हैं। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए शहर में विविध स्थानों पर 63 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। लेकिन इनमें से 41 कैमरे दुरुस्ती के अभाव में खराब हो गए हैं। अभी सिर्फ 22 कैमरे ही शुरू हैं। जिनके माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिससे हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। लेकिन रखरखाव के अभाव में शहर के अधिकतर चौराहों पर लगे कैमरे खराब हो गए हैं। बाताया जा रहा है कि शहर में 37 नए एमपीआर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनमें से 4 कैमरे लगाए जा चुके हैं। शेष कैमरे भी जल्द ही लगा दिए जाएंगे। शहर में उड़ान पुल परिसर एवं जयस्तंभ चौक को छोड़कर आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, रानी अवंती चौक, बालाघाट टी पॉइंट, फुलचूर नाका आदि इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हालत में हैं।

#### मरम्मत पर ध्यान दिया जा रहा

खराब कैमरों को ठीक करने की कोशिश की जा रही है। रखरखाव और मरम्मत पर ध्यान दिया जा रहा है। जल्द ही नए कैमरे भी लगाए जाएंगे।

**नागेश भास्कर, पुलिस निरीक्षक, यातायात शाखा, गोंदिया**

## तिरोड़ा तहसील के ग्राम माल्ही की घटना बाघ की कुंए के पानी में डूबने से हुई मौत

**गोंदिया**-पानी और शिकार की खोज में निकले बाघ की कुंए के पानी में डूबने से मौत हो गई. यह घटना रविवार को सुबह 10 बजे प्रकाश में आई. यह घटना नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प अंतर्गत गोंदिया जिले की तिरोड़ा तहसील अंतर्गत आनेवाले चोरखमारा परिसर के सर्रा माल्ही में घटित हुई. घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा किया. शव विच्छेदन व जांच पूरी होने के पश्चात रविवार को ही बाघ का अंतिम संस्कार किया गया. बाघ की उम्र 4 से 5 वर्ष बताई जा रही है. ग्रीष्मकाल में पानी व शिकार की तलाश में वन्यजीव गांवों की ओर रुख करते हैं. लेकिन गांवों में स्थित बिना मुंढेर के कुओं में वे गिर जाते हैं. इस तरह की घटनाएं जिले में कई बार घटित भी हो चुकी है. ऐसी एक घटना रविवार, 12 अप्रैल को तिरोड़ा तहसील के ग्राम सर्रा माल्ही में घटित हुई. गोंदिया के नवेगांव नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तिरोड़ा तहसील के वड़ेगांव वन क्षेत्र अंतर्गत माल्ही बीट में आनेवाले कोडेलोहारा निवासी रुपचंद इसान कावड़े के खेत जमीन में स्थित बिना मुंढेर के कुंए में शिकार अथवा पानी की तलाश में 4 से 5 वर्षीय बाघ गिर गया




#### जिलाधीश डॉ. गोंदावले ने घटना स्थल का लिया जायजा

बाघ की मौत होने की जानकारी मिलते ही नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के उपसंचालक प्रीतमसिंह कोड़ापे, तिरोड़ा के सहायक वन संरक्षक विजय धांडे, नवेगांव-नागझिरा के सहायक वन संरक्षक मनीषा चव्हाण, तिरोड़ा के वन क्षेत्र अधिकारी रवि कमल भगत, उमरझरी वन क्षेत्र अधिकारी टेंभरे के नेतृत्व में नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प की आरआरटी टीम (बचाव पथक) व भंडारा वन विभाग की आरआरटी टीम तत्काल मौके पर पहुंची. टीम के मौके पर पहुंचने के बाद बाघ की मृत्यु होने की पुष्टि हुई. गोंदिया के जिलाधीश डॉ. मंगेश गोंदावले ने भी घटना स्थल का जायजा लिया. आरआरटी टीम ने बाघ के शव को सुरक्षा पूर्वक कुंए से बाहर निकाला. बाघ के शव का शव विच्छेदन राष्ट्रीय व्याघ्र संवर्धन प्राधिकरण के मार्गदर्शक सूचना के अनुसार किया गया.

# गेट गिरने से निराली की मौत

### मुख्याध्यापिका मां की आंखों के सामने ही समा गई लाडली बेटी

**तिरोड़ा**-नगर परिषद तिरोड़ा द्वारा संचालित पीएम श्री रानी अवंतीबाई प्राथमिक शाला, लोधीटोला में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें कक्षा पांचवीं की छात्रा निराली मनीष चाफले (11) की स्कूल के गेट के नीचे दबने से मृत्यु हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल का मुख्य गेट काफी समय से जर्जर अवस्था में था और उसकी मरम्मत का काम प्रस्तावित था. विद्यार्थियों को गेट से दूर रहने के निर्देश भी दिए गए थे. शनिवार, 11 अप्रैल 2026 को दोपहर लगभग 1 बजे, स्कूल छूटने पर बाहर निकलते वक्त दुर्भाग्यवश निराली ने गेट को खींचा, जिससे वह अचानक उसके ऊपर गिर गया. इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के तुरंत बाद उसे तिरोड़ा के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोंदिया रेफर किया गया. हालांकि, रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई.



निराली एक मेधावी छात्रा थी. उसने राज्यस्तरीय प्रज्ञा शोध प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया था. हाल ही में पुणे में उसका सम्मान भी किया गया था. बताया जा रहा है कि निराली की माता, शुभांगी चौधरी (चाफले), उसी स्कूल में मुख्याध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं.

## पक्षियों के लिए शहरभर में लगाए जाएंगे मिट्टी के जलपात्र

### साइकिलिंग संडे ग्रुप की पहल, सुभाष उद्यान से हुई शुरुआत



**गोंदिया**-शहर में तापमान लगातार बढ़ रहा है और अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच है चुका है। भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की कमी के कारण है पक्षियों के जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता है। कई बार पानी न मिलने की वजह से पक्षियों की मृत्यु भी हो जाती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए साइकिलिंग संडे ग्रुप द्वारा एक सराहनीय और अभिनव पहल शुरू की गई है। इस पहल के अंतर्गत शहरभर में 500 से अधिक मिट्टी न के जलपात्र लगाए जाएंगे, ताकि पक्षियों को गर्मी के मौसम में नियमित रूप से पानी उपलब्ध हो सके। इस अभियान की शुरुआत रविवार, 12 अप्रैल को गोंदिया शहर के सुभाष उद्यान से की गई। कार्यक्रम के दौरान नगराध्यक्ष सचिन शेंडे के हाथों वृक्षों पर पक्षियों के लिए जलपात्र लगाए गए। जानकारी के अनुसार, गोंदिया जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान तापमान कई बार 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जिससे नदी-नाले और छोटे जलस्रोत सूख जाते हैं। ऐसी स्थिति में केवल मनुष्यों ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ता है। सामाजिक संगठनों द्वारा गर्मी में नागरिकों के लिए तो पानी की व्यवस्था की जाती है, लेकिन पक्षियों के लिए पर्याप्त उपाय नहीं हो पाते। इसी को देखते हुए साइकिलिंग संडे ग्रुप ने यह अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पक्षियों को सुरक्षित जल उपलब्ध कराना और उनकी मृत्यु दर को कम करना है। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि इन मिट्टी के जलपात्रों को शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षों पर लगाया जाएगा, जिससे पक्षियों को आसानी से पानी मिल सकेगा।

## महापुरुषों के पुतले पर लग रहे धूल

### तिरोड़ा नगर परिषद परिसर में कचरे का अंबार



**तिरोड़ा**-नगर परिषद प्रशासन की दीये तले अंधेरा की पोल खुल गई है और परिसर कचरे से भरा पड़ा है. इस वजह से नागरिकों में रोष है. नगर परिषद ने अब तक शहर के सौंदर्गीकरण पर लाखों रु. खर्च किए हैं. लेकिन, ऐसा लगता है कि इस सौंदर्गीकरण का रखरखाव से कोई लेना-देना नहीं है. उल्लेखनीय है कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में महापुरुषों के पुतलों की रखरखाव की जिम्मेदारी नगर परिषद के अग्निशमन विभाग की है. जबकि इन पुतलों को समय-समय पर अग्निशमन की वाहनों से धुलवाया जाना चाहिए, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण ये पुतले धूल से ढके हुई हैं. क्या पुतलों की सफाई सिर्फ जयंती या पुण्यतिथि के दिन ही होनी चाहिए? यह सवाल अब पूछा जा रहा है. लाखों रु. खर्च करके स्मारक और पुतलें बनाए जाते हैं, लेकिन क्या प्रशासन के पास उनके नियमित रखरखाव का कोई सिस्टम नहीं है? या सौंदर्याकरण सिर्फ ठेकेदारों की जेब भरने के लिए किया जाता है? यह सवाल भी उठाया जा रहा है. अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि नगर परिषद प्रशासन तुरंत ध्यान दे और शहर के सभी महापुरुषों के पुतलों की नियमित सफाई करे. पुतलों पर जमी धूल और आस-पास पड़ा कचरा देखकर लोगों ने सवाल उठाया है, अगर प्रशासन अपना ही कार्यालय साफ नहीं रख सकता तो पूरे शहर की सफाई क्या करेगा ?

## मानवता की सेवा के लिए महावीर मारवाड़ी विद्यालय में रक्तदान शिविर 51 यूनिट रक्तदान कर बना मिसाल

**गोंदिया**-श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी, श्री गिरिराज सेवा मित्र मंडल तथा एस.एस. गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 13 अप्रैल को आयोजित रक्तदान शिविर ने जन-जागरूकता और मानवता की सेवा का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया. इस रक्तदान शिविर में मेडिकल टीम की देखरेख में 51 यूनिट रक्त एकत्र कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई. इस शिविर में शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में रक्तदान को लेकर भारी उत्साह देखा गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सीताराम



अग्रवाल ने श्री हनुमानजी व मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई. उन्होंने कहा कि, यह एक नि:स्वार्थ सेवा है जो जीवनदान के रूप में काम करती है. रक्तदान से न केवल रोगियों को मदद मिलती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है. रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है. संस्था सचिव प्रकाशचंद कोठारी ने रक्तदान के लिए सभी को आगे आने का आव्हान किया. डॉ. शारदा महाजन इस कार्य को अनुपम कार्य कहा. राजेश व्यास ने रक्तदान को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया.

#### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

यह शिविर बी.जी.डब्लू. व लोकसेवा ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक अनेक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया. इस कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व धन्यवाद कार्ड देकर सम्मानित किया गया. विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर रक्तदान महादान के नारों से गूंज उठा.

## दुर्घटना में बहन-भाई की मौत, मां घायल

### नवेगांवबांध की घटना, शादी में जाते समय हादसा

**गोंदिया**-देवरी शहर के भाई बहन की अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध में शनिवार, 11 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे एक भयानक हादसे में दुखद मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. मृतक भाई-बहन के नाम देवरी निवासी अंकुर अरुण शहारे (15) चारभाटा/बोरगांव निवासी रितिका संजय जांभुलकर (10) बताया गया है. जबकि व अरुणा अरुण शहारे (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें तुरंत उपचार के लिए गोंदिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, शहारे परिवार देवरी शहर के वार्ड क्र. 14 में रहता है. रितिका देवरी में अपने परिवार के साथ रहकर चौथी कक्षा में पढ़ रही थी. कोरोना काल में पिता की मौत के बाद घर की जिम्मेदारी मां अरुणा के कंधों पर आ गई थी. इस बीच, वे तीनों अर्जुनी मोरगांव तहसील के बोलदे गांव में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल



पर देवरी से बोलदे जा रहे थे. शाम करीब 6.30 बजे नवेगांवबांध में एक अज्ञात वाहन ने उनके मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर गए. इस भयानक हादसे में अंकुर शहारे और रितिका जांभुलकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरुणा शहारे गंभीर रूप से घायल हो गईं. अरुणा को तुरंत उपचार के लिए गोंदिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और मदद पहुंचाई. संबंधित परिवार में दुख का माहौल है. नवेगांवबांध पुलिस आगे की जांच कर रही है.

## मां के सामने ही पांच वर्षीय मासूम को उठा ले गया तेंदुआ

### साकोली तहसील के विर्शी में हुई दिल दहलाने वाली घटना



**साकोली**-साकोली तहसील के विर्शी ग्राम में बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां शौच के लिए जा रही 5 वर्षीय बच्ची को तेंदुआ मां के सामने ही उठा ले गया। मां की चीख-पुकार के बावजूद बच्ची को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृत बच्ची की पहचान छत्तीसगढ़ के बलोदाबाजार जिले के सुहेला निवासी अंशिका मिरी (5) के रूप में हुई है। उसके माता-पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं और खेत में बनी झोपड़ी में रह रहे थे। बुधवार की सुबह अंशिका अपनी मां के साथ शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी। मां आगे थी और अंशिका कुछ दूरी पर पीछे चल रही थी।

वन विभाग ने लगाए कैमरे और छह पिंजरे वन विभाग ने घटना के तत्काल बाद छह पिंजरे और अनेक कैमेरे लगाए। तेंदुए को पकड़ने का अभियान शुरू किया है। साकोली तहसील में एक माह में बाघ के तीन हमले हो चुके है। अब तेंदुए ने बच्ची पर हमला किया। इसके पहले घटित हुई घटनाओं से आज की घटना का संबंध नहीं होने की बात वन विभाग कह रहा है

# अवैध डीजल बिक्री पर कार्रवाई

## 25,625 रुपये का माल जब्त

**भंडारा**-स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने तुमसर तहसील के हनुमान वार्ड, गर्रा में छापा मारकर अवैध रूप से डीजल बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 25,625 रुपये का माल जब्त किया है. पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक पाटील और उनकी टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी. इस दौरान मनिराम सत्यवान जैतवार (56) नामक व्यक्ति को बिना अनुमति डीजल का भंडारण कर उसकी अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा गया. पुलिस के अनुसार, यह गतिविधि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती थी. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 275 लीटर डीजल बरामद किया. इसमें 7 नीले प्लास्टिक ड्रम में भरे 245 लीटर डीजल



(कीमत 22,295 रुपये) और एक गोल ड्रम में 30 लीटर डीजल (कीमत 2,730 रुपये) शामिल है. इसके अलावा डीजल मापने के लोहे के बर्तन और प्लास्टिक पाइप भी जब्त किए गए हैं. आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और पेट्रोलियम अधिनियम 1934 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. इस कार्रवाई को पुलिस उपनिरीक्षक पाटील एवं स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने अंजाम दिया. मामले की आगे की जांच गोबरवाही पुलिस द्वारा की जा रही है.

# चोरी की बाइक बरामद

**गोरेगांव**-गोरेगांव थाने में 11 अप्रैल को मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया है. इस प्रकरण में संदिग्ध व्यक्ति हिरापुर निवासी सुनील सेवकराम रहांगडाले (48) अपने कब्जे में मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 8596 लेकर गोरेगांव रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ा होने की गोपनीय सूचना पुलिस को मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस ने 2 पंचों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर संदिग्ध से पूछताछ की. मोटरसाइकिल के कागजात व स्वामित्व के संबंध में पूछने पर उसने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया, जिससे वाहन चोरी का होने का संदेह हुआ. इसके बाद पंचों के समक्ष विधिवत पंचनामा कर मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया. जांच के दौरान यह मोटरसाइकिल



गोंदिया शहर थाने में दर्ज घटना की पाई गई. साथ ही, गोरेगांव थाना क्षेत्र में चोरी हुई अन्य मोटरसाइकिल मामलों में भी आरोपी से पूछताछ जारी है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मडामे व पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत काले के निर्देशन में की गई.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।